'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 6th Semester Examination, 2023

DSE-P4-HINDI (604)

Time Allotted: 2 Hours Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

पत्र संख्या **DSE-604A** 'राष्ट्रीय काव्यधारा' और **DSE-604B** 'संपादन प्रक्रिया और साज-सज्जा' में से किसी एक पत्र का उत्तर लिखिए।

पत्र संख्या – DSE-604A

राष्ट्रीय काव्यधारा

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4= 12

(क) ' एक भारतीय आत्मा' के नाम से किस कवि को संबोधित किया जाता है ? उनकी दो काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

(ख) 'साकेत' में कितने सर्ग हैं ? उनके नाम लिखिए।

(ग) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) 'राष्ट्रीय काव्यधारा' से क्या अभिप्राय है ?

(ङ) मैथिलीशरण गुप्त द्वारा रचित किन्हीं तीन रचनाओं का नाम लिखिए।

(च) पुष्प की क्या-क्या अभिलाषा नहीं है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं चार पद्यांशों कीस संदर्भ व्याख्या कीजिए – 6×4= 24

(क) "प्रियतम ! तुम श्रुति पथ से आये।
तुम्हें हृदय में रख कर मैंने अधर - कपाट लगाये।
मेरे हास – विलास ! किन्तु क्या भाग्य तुम्हें रख पाये ?
दृष्टि मार्ग से निकल गये ये तुम रसमय मनभाये।
प्रियतम ! तुम श्रुति पथ से आये।"

(ख) "एक ओर कायरता काँपे,
गतानुगति विगलित हो जाए,
अंधे मूढ़ विचारों की वह
अचल शिला विचलित हो जाए।"

(ग) "किन द्रोपदियों के बाल खुले ?
किन - किन कलियों का अंत हुआ ?
कह हृदय खोल चित्तौर ! यहाँ
कितने दिन ज्वाल - वसंत हुआ ?"

(घ) "आहें उठीं दीन कृषकों की,
मज़दूरों की तड़प पुकारें,
अरी ! गरीबों के लोहू पर
खड़ी हुई तेरी दीवारें।

(ङ) "यह पुण्य भूमि प्रसिद्ध है, इसके निवासी आर्य हैं,
विद्या कला कौशल्य सबके, जो प्रथम आचार्य हैं
संतान उनकी आज यद्यपि, हम अधोगति में पड़े
पर चिन्ह उनकी उच्चता के, आज भी कुछ हैं खड़े।"

(च) "काली तू, रजनी भी काली,
शासन की करनी भी काली,
काली लहर कल्पना काली,
मेरी काल कोठरी काली।"

3. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2= 24

(क) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' के काव्य में निहित राष्ट्रीय चेतना के स्वर को रेखांकित कीजिए।

(ख) मैथिलीशरण गुप्त की नारी-चेतना पर विचार कीजिए।

(ग) 'कैदी और कोकिला' कविता के भाव-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

(घ) आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि के रूप में दिनकर के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

अथवा

पत्र संख्या – DSE-604B

संपादन प्रक्रिया और साज-सज्जा

1. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×4= 12

(क) सम्पादन का क्या उद्देश्य है ?

(ख) 'प्रूफ'क्या है ?

(ग) समाचार में शीर्षक का क्या महत्व है ?

(घ) 'कार्टून सम्पादन' में किन बातों को महत्व दिया जाता है ?

(ङ) 'लीड' से क्या तात्पर्य है ?

(च) 'समाचार मूल्य' क्या है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 6×4= 24

(क) सम्पादन कला के सामाजिक प्रभाव पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) समाचार निर्माण में आमुख की भूमिका पर विचार कीजिए।

(ग) सम्पादन-कला के आधारभूत तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(घ) साहित्य की सामग्री के सम्पादन की आवश्यक शर्तें क्या हैं ?

(ङ) प्रिंट मीडिया की प्रयोजनमूलक शब्दावली पर विचार कीजिए।

(च) समाचार विश्लेषण पर टिप्पणी लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 12×2= 24

(क) समाचार पत्र के विविध स्तंभों की योजना पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।

(ख) सम्पादन - चिह्न को समझाते हुए समाचार-संपादन में वर्तनी-पुस्तिका के महत्व पर प्रकाश डालिए।

(ग) सम्पादकीय लेखन की प्रमुख प्रविधियों पर विचार कीजिए।

(घ) कला जगत की सामग्री के सम्पादन की विशेषताएँ बताइए।

——×——